वैकल्पिक समरेखण को निरस्त करने का कारण

कार्य :- सुनाल्डी से ज्येष्टाडी मो० मार्ग निर्माण

**समरेखण संख्या 1:–** यह समरेखण वन भूमि प्रस्ताव में संलग्न मानचित्र में नीले रंग से दर्शाया गया है यह समरेखण सुनाल्डी से डांडागांव 2.50 कि0मी0 के अन्तिम बिन्दु से प्रारम्भ होकर डांडागांव के ऊपर सिविल सोयम भूमि से होकर डाउन ग्रेड में चलकर पूर्व निर्मित नौगांव–पौंटी–राजगढी मोटर मार्ग के समान्तर चलकर निर्माणाधीन गडोली जेष्टाडी के अन्तिम बिन्दु पर समाप्त होता है। इस समरेखण से ग्राम गडोली,सिना, छेटी,ईडक इत्यादि गांव की पेयजल योजना क्षतिग्रस्त होगी साथ ही यह भू–भाग फिल्ड अप सोयल युक्त है। इस समरेखण पर मार्ग के बनने से क्रोनिक स्लिप जोन बनने का खतरा है। जिससे मार्ग असुरक्षित रहेगा। साथ ही ग्राम डांडागांव कुणी से पैदल मार्ग की दूरी ज्यादा होने के कारण क्षेत्रवासियों की सहमति नहीं बन पायी। इस समरेखण में दो सेतुओं की आवश्यकता भी होगी जिससे योजना की लागत में बढोत्तरी होगी।

**समरेखण संख्या 2–** वन भूमि प्रस्ताव में संलग्न मानचित्र में आसमानी रंग से दर्शाया गया है यह समरेखण 11.250 किमी0 में सुनाल्डी से जेष्टाडी जुडेगा, इस समरेखण में 8 एच0पी0 बैण्ड पडेगें इस समरेखण का अधिक भाग आरक्षित वन क्षेत्र में आ रहा है। इसमें भी सिंचित खेत क्षतिग्रस्त होगें इस समरेखण में अधिकतर वी0एच0एस0 नामन केलेचर की अधिकता होगी जिससे मार्ग बनने में अधिक व्यय होगा, इस समरेखण पर ग्रामवासियों की सहमति नहीं मिल पायी है।

**स्वीकृत समरेखण –** इस समरेखण को मानचित्र में लाल रंग से दर्शाया गया है इस समरेखण में अधिकाशं भाग नाप भूमि एवं कुछ भाग वन भूमि में होगा इस समरेखण में 10.275 कि0मी0 में सुनाल्डी से जेष्टाडी जुड जायेगा, ग्राम डांडागांव कुणी नजदीक से जुड रहें है। साथ ही यह समरेखण सुनाल्डी गांव के उपर होने के कारण गांववासियों की मकान भूमि क्षतिग्रस्त नहीं होगी, साथ ही वन सम्पदा की न्यूनतम क्षति होगी जिस कारण ग्रामवासियों ने इस पर सहमति दी, भू–वैज्ञानिक द्वारा भी अपनी अभ्युक्ति दी गयी है।

कनिष्ठ अभियन्ता,
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0,
बडकोट

सहायक अभियन्ता,
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0,
बडकोट

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0,
बडकोट